दिन— शनिवार | दिनांक— 16 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा पर उपकर, कर या अधिभार लगाने से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज किया।

02. राज्य सरकार ने निजी विद्यालयों में पुनर्नामांकन शुल्क लेने पर रोक लगाई। विद्यालयों को सभी प्रकार के शुल्क की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक।

03. नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने भारत में सौ रुपये से अधिक के सामान की खरीदारी पर भंसार वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का दिया आदेश।

04. और, बिहार पुलिस में सिपाही से लेकर दारोगा तक के सैंतीस हजार नौ सौ अठहत्तर पदों पर जल्द होगी नियुक्ति।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देशवासियों के लिए व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने विदेश यात्रा पर उपकर, कर या अधिभार लगाने से संबंधित एक समाचार संस्थान की रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट पूरी तरह से झूठी है और इसमें कोई भी सच्चाई नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेश यात्रा पर इस तरह के प्रतिबंध लगाने का कोई सवाल ही नहीं उठता है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने निजी विद्यालयों में पुनर्नामांकन शुल्क लेने पर रोक लगा दी है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि यदि शुल्क वृद्धि अनिवार्य हो, तो विद्यालय सुसंगत प्रावधानों के तहत ही ऐसा करेंगे। उन्होंने अन्य प्रतिबंधित शुल्कों पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया है। निजी विद्यालयों को सभी प्रकार के शुल्कों का विवरण विद्यालय के सूचना पट्ट और वेबसाइट पर प्रकाशित करना अनिवार्य किया गया है। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय पाठ्यपुस्तक और यूनिफार्म का पैटर्न बार–बार नहीं

बदलेंगे। आवश्यकता होने पर विद्यालय स्तर पर गठित शिक्षक–अभिभावक संघ से इसकी अनुमति लेनी होगी। अभिभावक सुविधानुसार किसी भी दुकान से पुस्तकों और पठन–पाठन सामग्री तथा अन्य सामग्री खरीद सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि किसी भी छात्र–छात्रा को शुल्क बकाया रहने की स्थिति में कक्षा, परीक्षा अथवा परिणाम से वंचित नहीं किया जाएगा।

———————————————————

शिक्षा विभाग अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी करेगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि इसके तहत विभाग के सौ दिनों के कार्यों की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री तिवारी ने कहा कि टीआरई–फोर के तहत शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। उन्होंने जनगणना कार्यों के साथ अध्यापन की अनिवार्यता पर विचार करने की भी बात कही।

———————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने अस्पतालों की व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए पटना स्थित विभागीय कमांड कंट्रोल सेंटर से वैशाली और अररिया जिला अस्पताल की ऑनलाइन लाइव मॉनिटरिंग की। इसके साथ ही उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से सीधी बातचीत कर चल रहे इलाज का फीडबैक लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों में आने वाले मरीजों को सुविधाओं की जानकारी नियमित रूप से देने और शिकायत तथा सुझाव के लिए आईटी आधारित फीडबैक व्यवस्था विकसित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने संभावित बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति से निबटने के लिए निर्धारित समय से पहले तैयारी करने का अधिकारियों को आदेश दिया है। पटना में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ वाले संवेदनशील क्षेत्रों में कटाव निरोधी कार्यों में तेजी लाने, तटबंधों की सुरक्षा बढ़ाने और बाढ़ सुरक्षात्मक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सुखाड़ वाले इलाकों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

———————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने पिछले वर्ष अगस्त–सितंबर में चलाए गये राजस्व महा–अभियान में प्राप्त सभी आवेदनों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने इकतीस मई तक प्राप्त सभी आवेदनों को अपलोड करने का निर्देश दिया। साथ ही श्री जायसवाल ने एग्रीस्टैक अभियान को देखते हुए छह लाख साठ हजार जमाबंदियों में सुधार करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को बिहार कृषि एप से हिन्दी और अंग्रेजी के साथ ही मगही, भोजपुरी, अंगिका और बज्जिका में भी खेती की जानकारी मिलेगी। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। श्री सिन्हा ने बताया कि एप पर इस साल के अंत तक अस्सी लाख किसानों को पंजीकृत करने का लक्ष्य है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को कृषि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर युवा किसान प्रशिक्षण शिविर लगाने का निर्देश दिया।

————————————————————————

राज्य के सभी सरकारी विभागों में किराये पर चलने वाले डीजल–पेट्रोल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुयी बैठक में यह फैसला लिया गया। फैसले को अमल में लाने के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने सभी जिलों में नए प्रभारी मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंप दी है। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को पटना और नालंदा तथा बिजेंद्र प्रसाद यादव को सारण जिले का प्रभारी बनाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को पूर्वी चंपारण और शिवहर, जबकि कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा को गयाजी और गोपालगंज जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। बीस सूत्री जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सह प्रभारी मंत्री के रूप में संबंधित मंत्री अपने आवंटित जिले में सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की निगरानी करेंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सुल्तानगंज नगर परिषद् के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की पत्नी को नियमानुसार सरकारी नौकरी दी जाएगी। श्री चौधरी ने कल पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। गौरतलब है कि कृष्ण भूषण कुमार की पिछले दिनों अपराधियों ने कार्यालय कक्ष में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

———————————————————————

नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने भारत में सौ रुपये से अधिक के सामान की खरीदारी पर भंसार वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह रोक इस संबंध में दायर रिट याचिका के अंतिम निपटारे तक जारी रहेगी। नेपाल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश हरिप्रसाद फुयाल और टेकप्रसाद की पीठ ने इस आशय का फैसला सुनाया। गौरलतब है कि नेपाल सरकार ने इस वर्ष चौदह अप्रैल से सौ रुपये से अधिक के सामान पर अनिवार्य कस्टम ड्यूटी लागू कर दी थी। इसके विरोध में सर्वोच्च अदालत में रिट याचिका दायर की गयी थी।

———————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही से लेकर दारोगा तक के सैंतीस हजार नौ सौ अठहत्तर पदों पर जल्द ही नई नियुक्ति होगी। राज्य सरकार ने बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में इन पदों का सृजन किया है। गृह विभाग के अनुसार सबसे अधिक सत्ताईस हजार पांच सौ दस सिपाही और समकक्ष पदों पर बहाली होगी। वहीं, दारोगा के बीस हजार नो सौ सैंतीस पद हैं। इनमें से आधे पद प्रोन्नति से भरे जायेंगे, जबकि दस हजार चार सौ अड़सठ पदों पर सीधी नियुक्ति होगी।

———————————————————————

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत आर्मी भर्ती कार्यालय, दानापुर ने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियों की घोषणा कर दी है। परीक्षा पटना और आरा में आयोजित की जाएगी। भर्ती परीक्षा में पटना, बक्सर, गोपालगंज, वैशाली, भोजपुर, सिवान और सारण जिले के लगभग अड़तालीस हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

———————————————————————

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी–दो हजार छब्बीस परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी पी.वी. कुलकर्णी को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। कुलकर्णी रसायन विज्ञान के लेक्चरर हैं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एन.टी.ई. की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थे। इससे पहले गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में से तीन जयपुर से, एक गुरुग्राम से और एक नाशिक से हैं। सभी आरोपियों को दिल्ली की अदालत ने सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

————————————————————

पंजाब के अमृतसर स्थित खालसा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पढ़ रहे बिहार के छात्रों पर आपराधिक तत्वों ने हमला कर दिया। इसमें कई छात्र घायल हुए हैं। घटना को लेकर तीन सौ छात्रों ने पुलिस की लिखित शिकायत की है। साथ ही छात्रों ने सड़क पर उतरकर अपनी सुरक्षा की मांग की।

————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व बिहार में अधिकांश स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ धूलभरी आंधी चलने की भी आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, आज सुबह मधुबनी और सुपौल जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई है।

————————————————————

और अब, एक महत्वपूर्ण सूचना–

———प्रोमा———

————————————————————

प्रदेश में आज श्रद्धापूर्वक वट सावित्री पूजा की जा रही है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के पास पहुंच कर पूजा–अर्चना कर रही हैं।

————————————————————

पटना की एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी के दोषी अब्दुल करीम, चंदन यादव और प्रवेश कुमार उर्फ प्रवेश यादव को तेरह–तेरह वर्ष कारावास की सजा सुनाई। तीनों पर दो–दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

————————————————————

गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सिंहासनी गांव से पुलिस ने रुपये दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पंचानवे लाख रुपये के साथ अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये।

————————————————————

अलीनगर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को बांका जिले के पंजवारा से गिरफ्तार किया है।

————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल बॉर्डर के मैत्री पुल पर एसएसबी और इमिग्रेशन विभाग की टीम ने एक सोमालियाई नागरिक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मो. अहमद फराह के रूप में हुई है, जो बिना वैध दस्तावेज के सीमा पार कर नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था।

————————————————————

पूर्णिया जिले की मरंगा थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक वाहन से इक्यानवे किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से पांच सौ पचासी लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

शिवहर की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दो दोषियों को उम्र कैद के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– पेट्रोल और डीजल के दाम तीन रुपए से अधिक बढ़े।

**दैनिक जागरण** लिखता है– निजी स्कूलों में री एडमिशन शुल्क पर रोक।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– नीट यूजी की दोबारा परीक्षा इक्कीस जून को, अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित एग्जाम।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– पीएम मोदी की मेगा डील, यूएई से अड़तालीस हजार करोड़ निवेश, एलपीजी करार भी।

**राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं– राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, कई सीनियर आईएएस अफसर का तबादला, विनोद शिक्षा और अविनाश खनन सचिव बने।

**आज अखबार** लिखता है– सूबे में अब मध्यमा की भी होगी पूरक परीक्षा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा पर उपकर, कर या अधिभार लगाने से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज किया।

02. राज्य सरकार ने निजी विद्यालयों में पुनर्नामांकन शुल्क लेने पर रोक लगाई। विद्यालयों को सभी प्रकार के शुल्क की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक।

03. नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने भारत में सौ रुपये से अधिक के सामान की खरीदारी पर भंसार वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का दिया आदेश।

04. और, बिहार पुलिस में सिपाही से लेकर दारोगा तक के सैंतीस हजार नौ सौ अठहत्तर पदों पर जल्द होगी नियुक्ति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।